भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा अनुसंधान तथा विकास विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 50

18 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

स्वदेशी जेट इंजन

50. श्रीमती फूलो देवी नेतम :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को शक्तिशाली बनाने के लिए एक विदेशी इंजन की आवश्यकता है;

(ख) तकनीकी हस्तांतरण सहित आवश्यक जेट इंजन बनाने की लागत कितनी होगी; और

(ग) भारत में स्वदेशी जेट इंजन विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): 80 केएन लड़ाकू जेट इंजन के अभिकल्पन, विकास तथा विनिर्माण की स्वदेशी क्षमता डीआरडीओ और भारतीय उद्योगों के पास मौजूद है ।

एएमसीए के लिए उच्चतर श्रेणी के थ्रस्ट इंजनों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए विदेशी इंजन निर्माताओं से सहयोग की संभावना की तलाश की जा रही है ।

जेट इंजन के विनिर्माण के लिए प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण सहित लागत की जानकारी अगली प्रगति के बाद ज्ञात की जा सकती है ।

****